## एक नजर में

### अनाधिकृत व्यक्तियों की पहचान कर स्टेशन परिसर से किया बाहर

**इटारसी।** पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल के इटारसी और बीना स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अनाधिकृत गतिविधियों पर नियंत्रण रखने एवं जनजागरूकता को बढ़ावा देने हेतु रेल सुरक्षा बल द्वारा विशेष गश्त एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यात्रियों की सुरक्षा एवं जागरूकता के लिए इटारसी स्टेशन पर चलाया विशेष अभियान. इटारसी स्टेशन पर आरपीएफ उप निरीक्षक पिंकी झारिया एवं सहायक उप निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह ने दिनभर चलाए अभियान के तहत प्लेटफार्म, प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय एवं सर्कुलेटिंग एरिया में सतत गश्त की गई। इस दौरान अनधिकृत व्यक्तियों को हटाया एवं यात्रियों को एसीपी (अलार्म चेन पुलिंग), ड्रगिंग, ट्रैफिकिंग, लिटरिंग, ट्रेस पासिंग, ज्वलनशील पदार्थ का निषेध, महिला सुरक्षा, रेल मदद 139, एवं यात्री सामान की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया। यात्रियों को सलाह दी गई कि वे स्टेशन परिसर में पुल का प्रयोग करें, किसी अनजान व्यक्ति से खाने-पीने की वस्तुएं स्वीकार न करें, सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखें एवं कूड़ा कचरा निर्धारित डस्टबिन में ही डालें। इसके अतिरिक्त यात्रियों से यात्रा के दौरान मोबाइल को चार्जिंग पर लगाकर न छोड़ने की भी अपील की गई।

# बस मालिक को किया स्कूटर के नंबर पर भुगतान

## पीएमश्री स्कूल में हुआ लाखों का फर्जीवाड़ा

> कुल 06 बसों का किराया एक लाख पैंतीस हजार रुपए स्कूल ने भुगतान किया है। बिल पर अंकित बस क्रमांक एमपी 04 पी 0438 नंबर का रजिस्ट्रेशन बजाज की सन्नी स्कूटर के नाम पर है, ट्रेवल संचालक का कहना है कि बनखेड़ी के किसी स्कूल के बच्चों को कभी विजिट नहीं ले गए।

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 27 जुलाई** केंद्र सरकार ने स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार के उद्देश्य से पीएमश्री यानी प्रधानमंत्री स्कूल फॉर राइजिंग इंडिया नाम से योजना लॉन्च की जिसमें कुछ चुनिंदा स्कूलों को शामिल करके स्कूल के विकास की लिए विशेष वित्तीय सहायता का प्रावधान किया। योजना में शासकीय प्राथमिक, माध्यमिक, हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों को सम्मिलित किया जाता है।

आरटीआई एक्टिविस्ट गोलू सोनी के मुताबिक केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाली वित्तीय सहायता में जमकर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है। शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बनखेड़ी में एक्सपोजर विजिट के नाम से बसों पर लाखों रुपए खर्च होना दर्शाया है लेकिन जमीनी स्थिति बिल्कुल अलग है। आरटीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्या स्कूल बनखेड़ी ने विगत जनवरी और फरवरी माह में एक लाख सड़सठ हजार रुपए के बसों और टैक्सियों के बिल लगाए हैं। 29 जनवरी को अन्होनी और सतधारा विजिट का ट्रेवलिंग का चौदह हजार का बिल लगाकर आहरण किया गया है।

जबकि बिल पर संचालक का जो नंबर दिया गया है उसपर कॉल करने पर ऋषभ ट्रेवल्स के संचालक अमित जैन ने बताया कि हमारे पास अर्टिगा, टवेरा और स्विफ्ट गाड़ी हैं लेकिन बनखेड़ी के किसी स्कूल के बच्चों को कभी विजिट पर नहीं ले गए। इसी प्रकार 09 फरवरी को भोपाल एक्पोजर विजिट हेतु सतपुड़ा टूर एंड ट्रेवल्स को कुल 06 बसों का किराया एक लाख पैंतीस हजार रुपए स्कूल ने भुगतान किया है।

बिल पर अंकित बसों की डिटेल निकली गई तो दर्शाई गई बस क्रमांक एमपी 04 पी 0438 नंबर का रजिस्ट्रेशन बजाज की सन्नी स्कूटर के नाम पर है, इसी प्रकार अन्य बसों में कोई सीएम राइज स्कूल से अनुबंधित है तो कोई दिल्ली पब्लिक स्कूल की बस है। इसी विजिट में भोजन के भी लाखों रुपए के बिल लगाए गए हैं। इसके बाद 16 फरवरी को दोबारा एक बस से भोपाल का विजिट दिखाकर अठारह हजार पांच सौ रुपए बस का किराया भुगतान किया गया है। सतपुड़ा टूर एंड ट्रेवल्स के संचालक वसीम खान ने बताया कि स्कूल को खाली बिल दिए थे, उन्होंने क्या नंबर लिखे मुझे जानकारी नहीं है। सूत्रों के मुताबिक भ्रमण कार्यक्रम के लिए जाने वाले प्रत्येक छात्र छात्राओं से पांच सौ से एक हजार रुपए की राशि स्कूल प्रबंधन द्वारा नकद जमा कराई गई है तथा भोजन के टिफिन भी घर से ही बुलाए गए थे।

> **इनका कहना है –**
>
> पीएमश्री कन्या स्कूल ने लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया है, अगर इसकी सूक्ष्म जांच की जाए तो बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हो सकता है। मैं स्कूल शिक्षा विभाग एवं कलेक्टर से इन स्कूलों की निष्पक्ष जांच की मांग करता हूं।
>
> **– गोलू सोनी, आरटीआई एक्टिविस्ट**
>
> शैक्षिक भ्रमण के लिए बच्चों को भोपाल पचमढ़ी ले गए थे, बाकी जानकारी आप स्कूल आकर ले सकते हैं।
>
> **– प्रभुदयाल शर्मा, प्राचार्य**
>
> मैं अतिरिक्त प्रभार में हूँ, कार्यालय में जो पीएमश्री का काम देखते हैं उनसे बोलकर मामला दिखवा लेती हूं।
>
> **– ज्योति प्रहलादी, जिला शिक्षा अधिकारी**

### करणी सेना पर लाठी चार्ज के बाद सीएम का एक्शन, एडिशनल एसपी, एसडीएम, एसडीओपी को हटाया

**हरदा, 27 जुलाई** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में करणी सेना परिवार के आंदोलन के दौरान राजपूत छात्रावास में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज मामले में एक्शन लिया है। सीएम ने हरदा के एडिशनल एसपी, एसडीएम और एसडीओपी को हटा दिया है। सीएम ने कोतवाली टीआई और ट्रैफिक थाने के प्रभारी को नर्मदापुरम आईजी ऑफिस में अटैच किया है। सीएम ने ट्वीट कर दी जानकारी - सीएम ने लिखा- हरदा जिले में 13 जुलाई को राजपूत छात्रावास में घटित प्रकरण की जांच के उपरांत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम एवं एसडीओपी को तत्काल प्रभाव से हरदा जिले से हटाया है। थाना प्रभारी, कोतवाली एवं थाना प्रभारी (ट्रैफिक) को नर्मदापुरम आईजी कार्यालय में अटैच किया है। समाज के छात्रावास में अनुचित बल प्रयोग एवं स्थिति को संवेदनशील रूप से निराकरण करने में की गई लापरवाही को लेकर यह एक्शन लिया गया है। लाठीचार्ज जांच में पुलिस अफसरों की गलती पाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने ये एक्शन लिया है। हरदा में राजपूत छात्रावास में हुए लाठीचार्ज मामले में कांग्रेस और बीजेपी के विधायक मुख्यमंत्री को लगातार पत्र लिखकर जांच की मांग कर रहे थे।

# मूंग खरीदी में भारी भ्रष्टाचार और लापरवाही का बोलबाला

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 27 जुलाई** इन दिनों जिले में मूंग उपार्जन और किसानों से जुड़ी समस्याओं की सूचनाएं लगातार प्राप्त हो रही हैं, खास तौर पर वेयर हाउस में लगी किसानों की कतारें खरीदी एवं तुलाई में आ रही दिक्कतों से प्रशासन दो-चार हो रहा है।मूंग उपार्जन प्रशासन के लिए एक चुनौती से काम नहीं है।वहीं समितियों द्वारा की जा रही अनदेखी साथ ही भ्रष्टाचार से प्रशासन को दो-दो हाथ करना पड़ रहा है।इन सब बातों में किसान पिस रहे हैं। अभी कुछ ही दिनों पहले जिलाधीश सोनिया मीना ने अपने प्रशासनिक अमले के साथ डोलरिया तहसील के नानपा ग्राम में आनंद वेयर हाउस के ख़रीदी केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था।कलेक्टर ने आनंद वेयर हाउस में किसानों की समस्या को देखते हुए उक्त केंद्र को वहां से बंद कर हथनापुर सरकारी वेयर हाउस में शिफ्ट करने के आदेश कृषि अधिकारियों को दिए,और तुरंत खरीदी केंद्र का पोर्टल बंद कर दिया।वहां मौजूद जिन किसानों की उपज तुल चुकी थी जिनके बिल नहीं बने थे,उन किसानों को बिल के लिए परेशान होना पड़ रहा है।बम्हनगांव के किसान संजय गौर ने बताया कि उन्होंने स्लॉट बुक किया,जिसमें उन्हें 16 से 25 तारीख दी गई थी वह 23 जुलाई को केंद्र पहुंचे अपनी 50 क्विंटल मूंग लेकर,फिर 24 जुलाई को वेयर हाउस गए बिल बनवाने तो 40 क्विंटल का बिल बना,क्योंकि एक बार में सिर्फ 40 क्विंटल से ज्यादा का बिल नहीं बनता है।24 जुलाई को कलेक्टर नर्मदापुरम ने केंद्र का निरीक्षण किया और केंद्र की अवस्थाओं को देखते हुए केंद्र को बंद करने के आदेश दे दिए,और बाकी के किसानों को हथनापुर जाने की बात अधिकारियों द्वारा बताई गई,किसान संजय ने बताया कि उनकी 10 कुंटल उपज का बिल नहीं मिल पाया है,वह परेशान हो रहे हैं,और स्लॉट की डेट भी निकलने वाली है।पड़ताल करने पर पता चला की स्लॉट ज़्यादा बुक किए गए थे। इन सब बातों के बीच एक बात और ध्यान देने योग्य है कि जब आनंद वेयर हाउस की क्षमता 1200 किसानो की थी तो 1900 किसानों को क्यों स्लॉट एलॉट किए गए। किसानों ने कलेक्टर से धीमी गति से तुलाई की भी बात रखी थी,जिस पर पता चला कि खरीदी केंद्र में बारदाना ही उपलब्ध नहीं है,जिसकी पूर्ति आज दिनांक तक प्रशासन द्वारा नहीं की गई है। यह ज़िला प्रशासन की नाक के नीचे चल रही लापरवाही को उजागर करती है,कि एक तरफ कलेक्टर के आदेश बताए जाते हैं, वहीं जमीनी स्तर पर किसानों को परेशान किया जा रहा है।

# नर्मदा में पूजा कर कावड़ में जल भरकर निकाली कावड़ यात्रा



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 27 जुलाई** सिवनी मालवा के प्रसिद्द नर्मदा तट आंबलीघाट से माँ नर्मदा कांवड यात्रा प्रतिवर्षानुसार 16 बे वर्ष में भी भव्यता के साथ निकाली जिसमें बडी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और युवाओं ने भाग लिया। सर्वप्रथम आंबलीघाट में मां नर्मदा के तट पर संत पूज्य आचार्य पुरुषोत्तम दास जी महाराज, संत गोविंदराम जी शास्त्री एवं संत अनंतवन जी महाराज की उपस्थिति में कावड़ियों ने माँ नर्मदा की पूजन, कन्या पूजन एवं नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की और कांवड में जल लेकर 42 किलोमीटर दूर प्राचीन प्रसिद्ध स्थल तिलक सिंदूर के लिए 'बम भोले' के जयकारों के साथ पैदल निकले। कांवड यात्रा का जगह जगह ग्राम वासियों ने मां नर्मदा का पूजन अर्चन एवं चाय नाश्ते से स्वागत किया जगह-जगह फल वितरण किए गए। सावन के इस पवित्र माह में पूरी तहसील शिव भक्ति में रम गई है। तहसील में कावड़ यात्रा हर साल सावन में निकाली जाती है। यहां से हजारों की संख्या में कांवडिए नर्मदा जल लेकर तिलक सिन्दूर की ओर रवाना होते हैं एवं सोमवार को माँ नर्मदा के जल से भगवान शिव का अभिषेक किया जाता है। कांवड यात्रा के इस भव्य आयोजन के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के भी पुख्ता इंतजाम किए। पुलिस जवानों की व्यवस्था भी की। कांवडियों के स्वागत के लिए जगह-जगह मंच भी लगाए गए और प्रसाद वितरण का भी इंतजाम किया।

## आज निकलेगी हर-हर महादेव कावड़ यात्रा

**हरदा** श्रावण मास के पावन अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली हेतु डॉ. आर. के. दोगने मित्र मंडल के बैनर तले आज 28 जुलाई सोमवार को भगवान भोलेनाथ की विशाल कावड़ यात्रा निकाली जावेगी। जिसमें हरदा विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने मुख्य रूप से शामिल होगे। कांवड़ यात्रा प्रात: 08 बजे मां नर्मदा तट हंडिया रिद्धेश्वर मंदिर से प्रारंभ होकर गुप्तेश्वर मंदिर हरदा पहुंचेगी जहाँ यात्रा का समापन एवं भगवान भोलेनाथ का मां नर्मदा के पावन जल से जलाभिषेक किया जावेगा।

# तहसील विधिक सेवा शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

**पिपरिया** विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में 1जुलाई 25 से शुरू होकर 90 दिनो की अवधि में विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा शिविर का आयोजन किया गया उक्त शिविर में प्रथम जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा मध्यस्थता योग्य प्रकरणो में मीडिएशन कार्यवाही के भरपूर प्रयास किये जाने एवं मध्यस्थता प्रक्रिया के माध्यम से प्रकरणो का निराकरण किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई एवं बताया गया कि ऐसे पक्षकार जिनके प्रकरण न्यायालय में लंबित है और उसमें मध्यस्थता की आवश्यकता है तो वह अपना प्रकरण मध्यस्थता कार्रवाही हेतु न्यायालय से मीडिएशन हेतु रेफर करवा सकते है जिनमें उनके प्रकरण में तत्काल मध्यस्थ नियुक्त कर मध्यस्थता कार्रवाही की जा सके. उक्त शिविर में विधिक सेवा से संबंधित सभी उपस्थित थे.

## कारगिल दिवस तथा नशामुक्ति पर कार्यक्रम हुआ

**पिपरिया** शासकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय केडेट कोर्स एवं स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्ग दर्शन योजना के संयुक्त तत्वाधान में विजय कारगिल दिवस तथा नशामुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।प्राचार्य की उपस्थिति में कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम कारगिल युद्ध में वीरगति प्राप्त करने वाले भारतीय शहीदो को श्रद्धांजली दी गई तथा उनकी बहादुर वीरता एवं पराक्रम आदि के बारे में छात्राओं को बताया गया,तथा चलचित्र के माध्यम से वीर जवानो के जीवन तथा मातृभूमि के लिये समर्पण पर छोटी फिल्म प्रस्तुत की गई।

# कोचिंग संस्थान में किया छात्रों का सम्मान

नवभारत न्यूज

**इटारसी, 27 जुलाई** आज शहर के प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान आर. के. इंस्टिट्यूट मे उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमे स्पोकन इंग्लिश व बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10वी व 12वी मे उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को मैडल व सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राहुल चौरे एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप मे सभापति व पार्षद राकेश जाधव आदि उपस्थित रहे. राहुल चौरे ने बच्चों को जीवन मे विशिष्ठ उपलब्धियाँ हासिल कर अपने माता पिता, गुरुजनों एवं नगर का नाम रोशन करने का आर्शीवाद दिया तथा सभापति राकेश जाधव ने बताया कि आर. के. इंस्टिट्यूट विगत कई वर्षो से अच्छा अध्यापन कराकर अपनी अच्छी सेवाएं दे रहा है कई विद्यार्थी यहाँ से प ?कर उच्चपदों पर सेवाएं दे रहे है एवं विद्यार्थियों को शुभकामनायें प्रेषित की. कार्यक्रम मे समा देवांशी रैकवार ने अपनी अंग्रेजी मे मोटिवेशनल स्पीच देकर की. कोचिंग संचालक आशीष पटैल ने विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य प्राप्ति का आशीर्वाद दिया एवं आभार प्रदर्शन संस्थान की प्रबंधक रक्षा पटैल ने किया. सभी विद्यार्थियों ने अपनी खुशी जाहिर की.

## जिप्सी हट के श्रद्धालुओं ने निकाली कावड़ यात्रा

> श्रद्धालु भक्त गणों ने पैदल यात्रा निकाली जो मंदिर से होकर विवेकानंद घाट पर मां नर्मदा की पूजन कर नर्मदा से जल लाकर प्राचीन बटुकेश्वर महादेव मंदिर मे पूजन कर महाअभिषेक किया।

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 27 जुलाई** प्रति वर्ष अनुसार इस बर्ष भी पवित्र सावन माह में हर्ष नगर जिप्सी हट के श्रद्धालुओं द्वारा काबड यात्रा निकाली। वार्ड के समस्त श्रद्धालु भक्त गणों ने पैदल यात्रा निकाली जो मंदिर से होकर विवेकानंद घाट पर मां नर्मदा की पूजन अर्चन कर नर्मदा से जल लाकर वार्ड में स्थापित प्राचीन बटुकेश्वर महादेव मंदिर मे पूजन कर महाअभिषेक किया। काबड यात्रा मे पार्षद श्रीमती निर्मला हंसराय,उर्मिला तिवारी क्षमा राजपूत, आरती शर्मा, मीना शर्मा, मंजू व्यास,पिंकी डोंगरे, दिव्यानी राजपूत, मनोरमा बागडी,रत्ना सेंगर, गायत्री चंदेल, निर्मला बागडी, सोनम, नीलम, वैष्णवी, रानू व्यास, प्रकाश शर्मा, महेश सेन सहित अनेक भक्त शामिल हुए, काबड यात्रा मे सफलता सम्पन्न कराने मे समस्त सदस्य एवं कालोनी के सभी नागरिको उपस्थित रहें.

## जो इच्छा करिहुं मन माहीं, राम कृपा कछु दुर्लभ नाहीं

**इटारसी.** तवानगर में चल रही भागवत कथा के अंतिम दिवस बिलासपुर से पहुंचे युवा कथा वाचक आचार्य अविनाश तिवारी ने बताया कि श्रीमद्भागवत की कथा कल्पवृक्ष है । कल्पवृक्ष की महत्ता ये है कि उसके नीचे व्यक्ति जो मांगता है वो उसे प्राप्त होता है पर उस कालवृक्ष में ये सामर्थ नहीं है कि वो भगवान को दे सके पर भागवत एक ऐसा कल्पवृक्ष है जो परमात्मा को देने का सामर्थ रखता है उन्होंने बताया कि भागवत सभी कामनाओं को पूर्ण करता है राजा परीक्षित ने मृत्यु का भय दूर करने के लिए भागवत की कथा सुनी तो उन्होंने मृत्यु के भय से मुक्ति पाली। अंतिम दिवस की कथा में बड़ी संख्या में महिला और पुरुषों ने पुण्य लाभ अर्जित किया।।

# संभाग स्तरीय दल ने किया स्कूलों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 27 जुलाई** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग नर्मदापुरम डॉ मनीष वर्मा के निर्देशानुसार जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों का सघन निरीक्षण के लिए संभाग एवं जिला स्तरीय दल का गठन किया गया।

निरीक्षण दल को आवश्यक दिशा निर्देश भी जारी किए। इसमें खास बात यह है कि स्कूल खुलने के प्रथम जुलाई माह से ही निरीक्षण प्रारंभ कर दिए है। इसी क्रम में सहायक संचालक लोक शिक्षण परख जैन एवं जसवंत चौधरी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बघवाड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चतरखेड़ा, शासकीय नेहरू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानापुरा, पी एम श्री कन्या शाला सिवनी मालवा तथा शासकीय हाई स्कूल भरलाय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कक्षा नवमी के ब्रिज कोर्स, अभ्यास पुस्तिका, गृह कार्य, डेली डायरी, विषय सिलेबस, ब्रिज कोर्स की उत्तर पुस्तिकाएं को भी देखा, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक राजेश गुप्ता द्वारा पीएमश्री स्कूल आँचलखेडा, पीएमश्री माखननगर, हाई स्कूल शुक्करवाडा फार्म, बालिका छात्रावास माखननगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निरीक्षणकर्ता द्वारा विद्यार्थियों को प्रकाश एवं दर्पण के बारे में पढाया गया। शिक्षक डायरी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थिति पंजी, टाइम टेबल, उमंग स्कूल हेल्थ वेलनेस कार्यक्रम का संचालन, क्लास रूम की सफाई आदि की जांच की गई।

प्राचार्य आँचलखेडा एवं स्टॉफ को स्कूल में साफ सफाई रखने, प्राचार्य एवं स्टाफ रूम को साफ एवं सुसज्जित बनाने के निर्देश दिए, प्राचार्य, स्टाफ शुक्करवाडा फार्म को आगामी निरीक्षण तक योजना बना कर विद्यार्थी उपस्थिति बनाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## रोजगार मेले का आयोजन

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में रोजगार केम्प का आयोजन हुआ।शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ अंतर्गत जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा अधिकारियों, जिला रोजगार प्लेसमेंट अधिकारी धर्मेश तिवारी की उपस्थिति में रोजगार केम्प का आयोजन हुआ।रोजगार केम्प में बुधनी की ट्राइडेंट और वर्धमान कम्पनी, शिवशक्ति एग्रीटेंक,जेड प्लस, एमआईसी, डीडीयू जीके वाय,नवभारत एवं अन्य कम्पनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विशेषज्ञों की कमी से जूझ रहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

नवभारत न्यूज

**हंडिया 27 जुलाई।** मध्य प्रदेश स्वास्थ्य सेवा भोपाल द्वारा हंडिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दर्जा तो प्रदान कर दिया गया लेकिन आज तक इस स्तर की सुविधाएं नहीं मिल पाई है !

राज्य द्वारा जहां सुविधाओं के विस्तार पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च कि जा रहीं हैं। वही हंडिया सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में विशेषज्ञ के अनेक पद खाली पड़े हुए रहने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड रहा है खासकर रात्रि में महिला चिकित्सक नहीं रहने से डिलेवरी व अन्य इमरजेंसी कार्य स्टाफ नर्स को ही देखना पड़ रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों का साफ तौर पर कहना है कि जब शासन द्वारा सुविधाओं के लिए करोड़ों रुपए की राशि खर्च की जा रही है तो इसका लाभ हम ग्रामीणों को क्यों नहीं मिल रहा है। जनरेटर के अभाव में मरीजों को बिजली चलीं जाने पर परेशानी उठानी पड रही हैं। शासन द्वारा 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन के ऊपर लगाई गई सौर ऊर्जा से चलने वाली पैनल भी बंद पडीं हुई है। हंडिया तहसील के निकट शासन द्वारा स्थापित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बात की जाए तो यहां आज तक सामुदायिक स्तर की सुविधाएं मिलने की बात बेईमानी होगी जिले में बैठे शासन शासन के जिम्मेदारों द्वारा कभी भी इस तरफ ध्यान नहीं दिया गया जिसका परिणाम ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ रहा है ! गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर रूप से बीमार हुए मरीजों को एक ही वार्ड में भर्ती किया जाता है जबकि भवन में ऊपर 20 बिस्तर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की शोभा बढ़ा रहे हैं.

### सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई ने मनाया हरियाली उत्सव

**हरदा –** सर्व ब्राह्मण समाज महिला इकाई द्वारा रविवार को दोपहर साढ़े 3 बजे से मां रेवा गार्डन में हरियाली उत्सव मनाया गया।इस दौरान महिलाओं ने हरे परिधान में उपस्थित होकर पर्यावरण संरक्षण का सुंदर संदेश दिया।कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ सावन सखी प्रतियोगिता रखी गई।इस प्रतियोगिता में पहला स्थान पारुल काशिव,दूसरा योगमाया शर्मा ,तीसरा स्थान रीना शुक्ला ने प्राप्त किया।वहीं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य को दर्शाती नाटिका की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम के दौरान अनुष्का तिवारी एवं अवनी तिवारी ने शिव पार्वती के रूप बनकर सभी का मन मोहा।महिला इकाई अध्यक्ष विनीता राजोरिया ने उपस्थिति महिलाओं को पौधे भेंटकर संरक्षण की शपथ दिलाई।इस दौरान पौधारोपण भी हुआ।महिलाओं द्वारा नीम,आम,तुलसी,पीपल सहित अन्य प्रजाति के पौधे रोपे गए।कार्यक्रम में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ खुशबू भारद्वाज,पिनेकल स्कूल की प्राचार्य काजल पांडे,वरिष्ठ शिक्षिका प्रतिमा चौबे, अर्शिता तिवारी विशेष अतिथि रही। उत्सव के दौरान विभिन्न स्टाल पूजा शुक्ला,आशा उपरीत आदि ने लगाए।

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम में डॉ कलाम को श्रद्धांजलि दी

> कार्यक्रम को एकाग्रचित्त होकर सुना और उसमें बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया

नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 27 जुलाई** सिवनी मालवा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 124 वें संस्करण का सीधा प्रसारण सुना गया। भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं ग्रामीणों एवं नागरिकों ने प्रधानमंत्री के 'मन की बात' कार्यक्रम को एकाग्रचित्त होकर सुना और उसमें बताई गई बातों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया।

इसी श्रंखला में ग्राम बराखड क्षेत्र के बूथ अध्यक्ष एवं प्रभारी माखन लोवंशी निवास पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह मंडलोई की उपस्थिति में सुना गया और राष्ट्र के महान वैज्ञानिक, भारतीय मिसाइल कार्यक्रम के जनक एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे.अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उनकी छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की साथही डॉ. कलाम की सादगी, संघर्षशील जीवन और प्रेरणादायी विचारों को याद किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने डॉ. कलाम को श्रद्धांजलि अर्पण करते हुए कहा कि डॉ. कलाम भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उनका जीवन हमें सिखाता है कि कठिनाइयों के बीच भी अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेंद्र सिंह मंडलोई ने कहा कि डॉ. कलाम न केवल महान वैज्ञानिक थे, बल्कि एक सच्चे राष्ट्रभक्त भी थे। उनके विचार आज भी हमें ऊर्जा और दिशा प्रदान करते हैं। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष नीरज तिवारी, अंकित तांबूलकर, मनीष गौर, माखन लोवंशी, मदन लोवंशी, संजय लोवंशी, कन्हैया लोवंशी, वीनू लोवंशी, किशोरीलाल, गुलाब , राजेश लोवंशी, लल्ला लोवंशी, संतोष लोवंशी, फूलचंद लोवंशी, कमल गौर, रामदास यदुवंशी, विक्रम लोवंशी बादामी लोवंशी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लामबंद गुर्जर

नवभारत न्यूज

**बनखेड़ी, 27 जुलाई** गुर्जर समाज रायसेन नरसिंहपुर नर्मदापुरम जिले की बैठक रविवार को बनखेड़ी के एक निजी मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों और समाजजनों ने कुरीतियों के खिलाफ संकल्प लिया। समाज के अध्यक्ष मनोहरलाल पटेल ने बताया कि गुर्जर समाज के विवाह समारोह में सामाजिक जन हैसियत से अधिक खर्च करते हैं जिस कारण कर्ज में डूब जाते हैं, इसलिए विवाह कार्यक्रम सीमित किए जाने, शिवरात्रि फलाहार प्रथा बंद किए जाने, चीकट प्रथा में होने वाले खर्चों को सीमित किए जाने सहित अन्य कई निर्णय लिए गए हैं। जल्द ही गुर्जर समाज अपना संविधान तैयार करने जा रहा है जिसमें सभी कुरीतियों को रोकने और समाज का उन्नयन कैसे हो इसकी व्यवस्था बनाई जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षक मनोहरलाल पटेल, मेहरबान पटेल, देवेन्द्र पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, इंद्रजीत पटेल, मकरन सिंह पटेल, गोविंद पटेल, छोटेसाहब पटेल, मेहरबान पटेल, संतोष पटेल, दीपक पटेल, गेंदीलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में सामाजिक लोग मौजूद रहे।

## पीजी कालेज में पौधा रोपण किया

**पिपरिया** शहीद भगतसिंह पीजी कालेज में एक पेड़ माँ के नाम अंतर्गत श्रावण माह में कालेज स्टाफ सहित विद्यार्थियों ने पौधा रोपण किया। प्राचार्य राजीव माहेश्वरी के मार्गदर्शन में एक पेड़ माँ के नाम योजना के अंतर्गत कालेज स्टाफ व विद्यार्थियों ने सामुहिक रूप से पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान शमी और नारियल के पौधे लगाये गये जो धार्मिक और पारिस्थितिकीय दृष्टिकोण से विशेष महत्व रखते है। नारियल व शमी के पौध पं.पवन शर्मा द्वारा महाविद्यालय को भेंट किये गये।

# हाट बाजार की अव्यवस्था बनी परेशानी का कारण

नवभारत न्यूज

**सिराली, 27 जुलाई** नगर परिषद सिराली की कार्यशैली पर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। बीते दो वर्षों में परिषद हाट बाजार की समुचित व्यवस्था बनाने में पूरी तरह से विफल रही है। हर रविवार को लगने वाले इस साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था और अनियंत्रित हालात के कारण दुकानदारों के साथ-साथ ग्रामीण ग्राहक भी काफी परेशान नजर आते हैं। मुख्य मार्ग पर हाथ ठेले और अस्थायी दुकानें मनमर्जी से लगाई जाती हैं, जिससे ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। वाहनों की आवाजाही बाधित होती है और जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार दुकानदारों के बीच झगड़े की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है, परंतु नगर परिषद इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। बारिश के मौसम में तो हालात और भी बदतर हो जाते हैं। आज रविवार को लगे हाट बाजार में घुटनों तक पानी भर गया, जिससे दुकानदारों और ग्राहकों को काफी परेशानी हुई। बाजार के भीतर कीचड़ और जलभराव के चलते लोगों को सामान खरीदने में कठिनाई हुई। स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नगर परिषद ने पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बीते दो वर्षों में परिषद ने न तो हाट बाजार के लिए कोई निर्धारित स्थान तय किया और न ही बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाईं। बारिश, भीड़ और ट्रैफिक के इस त्रिगुट में फंसे हाट बाजार की दुर्दशा को लेकर कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन हर बार उन्हें अनसुना कर दिया गया। परिस्थिति ऐसी बनी हुई है कि यदि समुचित व्यवस्था नहीं बनाई तो मुख्य मार्ग पर बाजार लगने से बड़ी दुर्घटना घट सकती है।